(हेमन्त कुमार वैष्णव) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड भीनमाल

DIPR/C/3542/2025

आमजन होली पर लें अंत्योदय का संकल्प : भजनलाल शर्मा

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत की संस्कृति की दुनिया में विशिष्ट पहचान है। हमारे ऋषि-महर्षियों ने गौरवशाली संस्कृति को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व खुशी एवं उल्लास का प्रतीक है। रंगों के त्योहार पर सभी अपने गिले शिकवे भुलाकर होली के रंग में रंग जाते है। रंगों के साथ राजस्थान का लगाव भी बहुत गहरा है। हमारे प्रदेश को तो रंग रंगीलो राजस्थान कहा जाता है।

- **सांगानेर में होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाग लिया**

शर्मा गुरूवार को सांगानेर क्षेत्र स्थित गार्डन में होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां उपस्थित जनसमूह के ऊपर फूलों की बारिश कर हर्षोल्लास के साथ रंगों के त्योहार को मनाया और आत्मीयता के साथ मुलाकात की। चंग की थाप और फूलों की बौछार के बीच पूरा माहौल रंगों और खुशियों से सरोबार नजर आया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार हर नागरिक के कल्याण और प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमने बजट में सभी 200 विधानसभाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। राजस्थान में 5 हजार गांवों को गरीब मुक्त बनाया जाएगा। इसके लिए 300 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि होली के पावन पर्व पर हमें समाज में अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्प लेना चाहिए, जिससे विकसित राजस्थान का संकल्प पूरा हो। शर्मा ने कहा कि सांगानेर के लिए भी पिछले साल बजट में अनेक घोषणाएं की थीं, जिनकी क्रियान्विति तेजी से हो रही है। उन्होंने कहा कि रिद्धि-सिद्धि चौराहे पर एलिवेटेड रोड का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही, सांगानेर क्षेत्र को जयपुर मेट्रो सेवा से जोड़ना, प्रतापनगर आवासीय योजना और मानसरोवर आवासीय योजना भी प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों से अभूतपूर्व बदलाव हुआ है। जन-मानस ने सीमा सुरक्षा, विकास की योजनाएं तथा दुनिया में भारत के बढ़ते हुए गौरव को महसूस किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश में विकास और विरासत दोनों को आगे ले जाने का काम कर रहे है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर और उपमहापौर पुनीत कर्णावट, जयपुर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश तिवाड़ी सहित जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने आमजन के साथ खेली होली

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को उनके निवास पर आम लोगों के साथ होली खेली। इस दौरान बच्चों ने भी उन्हें रंग लगाया।

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया। शर्मा ने इस दौरान बड़ी संख्या में आए आमजन से आत्मीय मुलाकात कर फूलों व प्राकृतिक रंगों से होली खेली। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में लोक कलाकारों ने ब्रज की विभिन्न संस्कृतियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली के पर्व की बधाई देते हुए कहा कि रंगों का यह पर्व बेहद ही निराला है, हमें आपसी कटुता को भुलाते हुए एक-दूसरे को गले लगाने की सीख देता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। शर्मा ने युवा, किसान, महिला और मजदूर सहित पूरे प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की धर्मपत्नी गीता शर्मा भी मौजूद रहीं।

मुख्यमंत्री ने होली पूजन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। शर्मा ने परिवारजनों के साथ यहां श्री राज राजेश्वरी मंदिर प्रागंण में विधिवत् रूप से होली पूजन किया। उसके बाद मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया। इस दौरान राजस्थान पुलिस की 4 आरएसी बटालियन के जवानों ने चंग की थाप पर होली के गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। होलिका दहन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने पूंछरी का लौठा में श्रीनाथजी के दर्शन किए

डीग/जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को होली के पावन अवसर पर डीग स्थित पूंछरी का लौठा धाम पहुंचे तथा श्रीनाथ जी मंदिर में दर्शन किए। शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस दौरान शर्मा ने पूँछरी का लौठा में मुकुट मुखारबिंद पर श्रीगिरिराज जी का दुग्धाभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं और परिक्रमार्थियों पर पुष्प वर्षा कर फूलों की होली खेली, चंग की थाप पर सभी दर्शनार्थी उमंग और उत्साह से भर उठे तथा हर्षोल्लास से इस त्यौहार को मनाया। इस अवसर पर साधु संतों ने शर्मा का साफा बांधकर स्वागत किया। होली महोत्सव में श्रीनाथ जी मंदिर कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा मयूर नृत्य सहित विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की गई। जिसको देखकर हर कोई श्री कृष्ण की भक्ति में झूमता नजर आया।

इस दौरान गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, संभागीय आयुक्त भरतपुर डॉ अमित यादव, भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल से मुलाकात की

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ ने राज भवन में मुलाकात की। देवनानी ने राज्यपाल को विधान सभा में गत एक वर्ष में किए गए नवाचारों पर आधारित ''नवाचारों का एक वर्ष'' पुस्तक की प्रति भेंट की। देवनानी ने राज्यपाल को बताया कि राजस्थान विधानसभा में कार्य प्रणाली को नया स्वरूप देने के साथ ही सनातन संस्कृति के अनुरूप डायरी और कैलेंडर का प्रकाशन किया गया है।

बागडे ने प्रकाशन के लिए देवनानी को बधाई देते हुए कहा कि लोकतंत्र के पवित्र स्थल विधानसभा की कार्य प्रणाली का ऑनलाइन संचालन करने, समय सीमा में प्रश्नों के जवाब मंगाने, सर्व दलीय बैठक के आयोजन के साथ सदन के प्रभावी संचालन के लिए विधानसभा अध्यक्ष द्वारा किए गए नवाचार अन्य विधानसभाओं के लिए प्रेरणादायी है।

राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को उनके द्वारा किए गए नवाचारों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि राजस्थान विधानसभा देश के विधान मंडलों में सर्वश्रेष्ठ विधानसभा बनने की ओर अग्रसर है।

जयपुर में खंडहरनुमा प्लाट में फंदे से लटके मिले युवक-युवती

- **विधायकपुरी थाना इलाके में फंदे से लटके युवक-युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई**

जयपुर। विधायकपुरी थाना इलाके में एक खंडहरनुमा प्लाट में शनिवार दोपहर को फंदे से लटके युवक-युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे से दोनों शवों को उतार कर एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वहीं पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम की मदद से सबूत जुटाए है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि दोनों शवों से कुछ ही दूरी पर एक बैग भी रखा मिला है। बैग में उनके कपड़े सहित ट्रेन टिकट भी मिला है। जिससे पता चला है कि 13 मार्च की दोपहर ट्रेन से वह दोनों अजमेर से जयपुर आए थे और दोनों का ही अपने घरों से भागकर आना प्रतीत होना है। फिलहाल मामले की जांच पडताल की जा रही है और दोनों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम किया जाएगा।

थानाधिकारी बनवारी लाल मीना ने बताया कि थाना इलाके के अजमेर पुलिया के पास एक प्लाट में कुछ खंडहरनुमा कमरे बने हुए है। जहां पहले बिजली विभाग का गोदाम था। शनिवार दोपहर को खाली पड़े खंडहर में कचरा बीनने लड़का गया था। जहां कचरा बीनते समय उसे खंडहरनुमा गोदाम के अंदर फंदे से युवक-युवती लटके दिखाई देने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुवायना करने के बाद एफएसएल टीम को बुलाकर मौके से सबूत जुटाए। जिसके बाद दोनों शवों को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस की प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि दोनों मृतक की उम्र 25-30 के बीच में है। जिन्होंने खंडहरनुमा प्लाट में बने गोदाम में लगे टीन शेड से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है।

बैग में मिले दस्तावेजों के आधार उनकी पहचान बदायूं यूपी निवासी 22 वर्षीय रेणु विश्वास और 25 वर्षीय नीरज निवासी नरहेडा पटौती हरियाणा के रूप में हुई है।

जयपुर में कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. सतीश पूनिया ने मनाई होली

जयपुर। भाजपा हरियाणा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने प्रदेशभर से पधारे पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ गुलाल लगाकर होली की रामा-श्यामा की।

सतीश पूनिया ने 14 मार्च को होली के पावन पर जयपुर में राणी सती नगर स्थित अपने जनसंवाद केंद्र पर सुबह से लेकर दोपहर तक जयपुर से लेकर प्रदेशभर से पधारे पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ गुलाल लगाकर होली खेली एवं मिठाई खिलाकर होली की रामा-श्यामा की। जन संवाद केंद्र पर पार्टी कार्यकर्ताओं-आमजन के लिए मिठाई एवं जलपान की व्यवस्था रही।

वहीं 15 मार्च को सतीश पूनिया ने जन संवाद केंद्र पर सुबह से लेकर दोपहर तक प्रदेश के शेखावाटी, मारवाड़, मेवाड़, ब्रज क्षेत्र से पधारे हजारों कार्यकर्ताओं के साथ होली की राम-राम की एवं जनसुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आग्रह किया।

असिस्टेंट प्रोफेसर के बर्खास्तगी आदेश को हाईकोर्ट ने सही माना

जयपुर। हाईकोर्ट ने एमएनआईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर की बर्खास्तगी आदेश को सही मानते हुए इसे चुनौती देते हुए दायर याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश डॉ. एसएस स्वैन की याचिका को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि भर्ती में छूट को लेकर कोई प्रावधान नहीं था। इसके चलते बिना पीएचडी वाले अभ्यर्थियों ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए आवेदन नहीं किया। ऐसे में यदि याचिकाकर्ता को कोई छूट दी गई तो वह समानता के अधिकार के खिलाफ होगी।

याचिका में कहा गया कि असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2022 को लेकर आवेदन मांगे गए थे। जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि तक संबंधित विषय में पीएचडी होना जरूरी था। याचिकाकर्ता ने आवेदन किया और उसका साक्षात्कार लेने के बाद उसे 14 फरवरी, 2024 को नियुक्ति दे दी। वहीं बाद में उसे पीएचडी की डिग्री की गलत तिथि बताने को लेकर नोटिस दिया गया। इसके बाद 7 सितंबर, 2024 को उसकी नियुक्ति रद्द कर दी गई।

कला मेले के पोस्टर का विमोचन

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और शासन सचिव रवि जैन ने 24वें कला मेले के पोस्टर का विमोचन किया।

जयपुर। राजस्थान ललित कला अकादमी एवं जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में 19 से 23 मार्च को जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में 24वें कला मेले का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री एवं कला साहित्य, संस्कृति, पर्यटन विभाग की मंत्री दिया कुमारी और कला साहित्य संस्कृति विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर डॉ. नाथूलाल वर्मा (कला मेला संयोंजक), डॉ. राजेंद्र प्रसाद, श्री विनय शर्मा, श्री मनीष शर्मा, डॉ. जे. पी. मीणा, संगीता सिंह एवं महेंद्र मंडावरिया मौजूद रहे।

अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि 24वें कला मेले में 110 से अधिक स्टॉल्स पर राजस्थान समेत विभिन्न प्रदेशों के कलाकार अपनी कलाकृतियां प्रदर्शित करेंगे। पाँच दिवसीय आयोजन में लोक कलाओं की प्रस्तुति, आर्ट इंस्टालेशन व अन्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कला मेले में एग्जीबिशन, फिल्म स्क्रीनिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

घुमन्तू परिवारों के 153 लोगों को मिले वोटर आईडी कार्ड

जयपुर। सांगानेर के बी टू बाईपास स्थित कालबेलिया, नट एवं बावरिया बस्ती में राज्य सरकार द्वारा दस्तावेजीकरण अभियान के तहत बनाए गए मतदाता पहचान पत्रों का वितरण किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घुमन्तू जाति उत्थान, न्यास के तत्वाधान में चलाए जा रहे दस्तावेजीकरण अभियान के अन्तर्गत बस्तियों का सर्वे कर घुमन्तू जाति के लोगों के आधार कार्ड, राशनकार्ड, मतदाता पहचान पत्र सहित जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है। शनिवार को टोंक रोड सांगानेर स्थित श्री राममंदिर नगर में रह रहे घुमन्तू जाति के लोगों को मतदाता पहचान पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांगानेर एसडीएम हिम्मत सिंह द्वारा 153 वोटर आईडी प्रदान कर बस्ती के लोगों को मतदान का अधिकार प्रदान किया गया। पिछले कई दशकों से मतदान के अधिकार से वंचित लोगों ने मतदाता पहचान पत्र मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए आभार जताया। सांगानेर महानगर घमन्तू कार्य संयोजक महेश कुमार वर्मा ने बताया घुमंतू जाति उत्थान न्यास द्वारा जयपुर महानगर की घुमन्तू बस्तियों में दस्तावेजीकरण अभियान कार्य चलाया जा रहा है।

कार की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र की मौत

जयपुर। एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे स्कूटी सवार छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। मामले की जांच दुर्घटना थाना पूर्व कर रहा है।

पुलिस के अनुसार बूंदी निवासी श्रेयांस होली की अलसुबह स्कूटी से गोविंददेवजी के दर्शन करने जा रहा था। महल रोड पर खाटूश्याम मंदिर के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे श्रेयांस और उसका साथी घायल हो गया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर श्रेयांस की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि श्रेयांस जयपुर में पढ़ाई कर रहा था। वह होली की सुबह गोविंददेवजी के मंगला आरती के दर्शन करने के लिए एक्टिवा से अपने दोस्त अभिनव के साथ निकला था। एक्टिवा श्रेयांस चला रहा था। सुबह 5 बजे खाटूश्याम मंदिर के आगे सामने से गलत दिशा से आई तेज कार ने एक्टिवा को टक्कर मार दी।

मोबाइल लूटा

जयपुर। करधनी थाना इलाके में बाइक पर आए नकाबपोश बदमाशों ने मदद करने के बहाने युवक को बाइक पर बैठाया और फिर सुनसान जगह मारपीट कर मोबाइल लूट लूट लिया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों का जायजा लिया निगम उपायुक्त ने

जयपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए हेरिटेज निगम के सभी अधिकारी लगातार फील्ड में सक्रिय नजर आ रहे है। धुलंडी के दूसरे दिन निगम आयुक्त अरुण हसीजा के निर्देश पर जोन उपायुक्त ने क्षेत्र में दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिन वार्डो में पिछले कई समय से कचरा नहीं उठाने की शिकायत आ रही थी, उन वार्डो में जाकर सफाई व्यवस्था सुदृढ़ कराई। साथ ही सड़क पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की। आयुक्त अरुण हसीजा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर अधिकारी लगातार फिल्ड निरीक्षण कर रहे है। सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक को भी वार्डो में सफाई रखने के लिए पाबंद किया है। कुछ जगहों पर सफाई होने के बाद आमजन कचरा फेंक रहे है। उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई के लिए निर्देश दिए है। स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान नगर निगम अधिकारी सड़क पर स्वच्छता को लेकर लगातार वॉच रखेंगे।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए धुलंडी के दूसरे दिन निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन उपायुक्त ने क्षेत्र में दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक बनाया जा सके। वहीं, किशनपोल जोन उपायुक्त दिलीप बंबानी ने वार्ड 60,61,62,64,65, और 66 का गहन निरीक्षण किया।

ढूँढाड़ परिषद का धमाल सम्पन्न

जयपुर। ढूँढाड़ परिषद द्वारा 12 वा ढूँढाड़ की धमाल (फागोत्सव) जय क्लब में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन ढूँढाड़ परीषद के संस्थापक अध्यक्ष विजय पाल कुमावत ने ढूँढाड़ भाषा मे किया कार्यक्रम में प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक हनुमान सहाय शर्मा गरिमा कुमावत ने गायन की प्रस्तुति दी और ललित राणा एंड पार्टी ने लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, विधायक बालमुकुंदाचार्य, ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, भाजपा शहर अध्यक्ष अमित गोयल, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, सर्व ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गिरिराज गर्ग, भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक, बार एसोसिएशन अध्यक्ष संदीप लुहाड़िया सहित जयपुर के लोग उपस्थित रहे साथ ढूँढाड़ के व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

स्टंट करने से रोकना चालक को भारी पड़ा

जयपुर। अशोक नगर थाना इलाके में सरकारी वाहन के चालक को थार गाडी सवार युवकों को स्टंट करने पर टोकना भारी पड़ गया। कार सवार बदमाशों ने बैक लेकर सरकारी वाहन को टक्कर मार दी। इससे सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। चालक ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई।

पुलिस के अनुसार रानियावास जमवारामगढ़ निवासी मूलचंद ने मामला दर्ज करवाया कि वह निर्वाचन विभाग सचिवालय की गाड़ी चलाता है। वह 12 मार्च की रात को पृथ्वीराज सिंह रोड सेंट्रल पार्क के पास खड़ा था। इसी दौरान एक काली थार स्टंट करती आ रही थी। इस पर उसने कार सवार युवकों टोका तो बदमाशों ने कार बैक ली और सरकारी वाहन को टक्कर मार दी। सरकारी वाहन के खड़े चालक ने भाग कर अपनी जान बचाई। टक्कर मारने के बाद बदमाश थार लेकर फरार लेकर हो गए। पीड़ित ने वापस अपनी गाडी स्टार्ट करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उस पर थार चढ़ाने का प्रयास किया और फिर वहां से भाग निकले। पीड़ित ने थार के नंबरों के आधार पर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर नंबरों के आधार पर उसके मालिक का पता लगाने में जुटी है।

मोबाइल चोरी कर खाते से निकाले 1.60 लाख

जयपुर। करणी विहार थाना इलाके में बस में सफर करने के दौरान किसी ने युवक का मोबाइल पार कर लिया और फिर उसके खाते से 1.60 लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार मीणावाला निवासी सोनू सांसी ने मामला दर्ज करवाया कि वह त्रिवेणी नगर से मीणावाला बस में सवार होकर जा रहा था। इसी दौरान किसी ने सिरसी पुलिया के आस-पास उसकी जेब से मोबाइल पार कर लिया। चोरी का पता लगने पर पीड़ित बस से उतरकर थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। इस दौरान बदमाशों ने उसके खाते से 1.60 लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-समाचार

बैंक ऑडिट से संबंधित जानकारी दी

साकेत कालानी

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। वरिष्ठ सीए साकेत कालानी ने कहा कि बैंक ऑडिट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। सीए कालानी प्रेस से रूबरू थे। उन्होंने एवन का उपयोग बैंक ऑडिट में कैसे किया जा सकता है और यह चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के भविष्य को कैसे प्रभावित करेगा के बारे में जानकारी दी। बैंकिंग सेक्टर में धोखाधड़ी रोकने और डेटा को तेजी से विश्लेषण करने के लिए एवन उपयोगी साबित हो सकता है। यह मैन्युअल काम को आसान बनाकर समय बचाता है। एवन 24/7 डेटा का विश्लेषण कर सकता है। यह ट्रायल बैलेंस, एपीए रिपोर्ट, एडवांस रिपोर्ट आदि का विश्लेषण कर ऑडिटर्स को सटीक रिपोर्ट देता है। इससे बड़े डेटा का विश्लेषण कर गलतियों को कम किया जा सकता है। सीए कालानी ने कहा यह आरबीआई के नियमों का पालन सुनिश्चित करने में मदद कर सीबीएस के डेटा को तेजी से प्रोसेस करके सही रिजल्ट देता है। एमओसी रिपोर्ट को बेहतर बनाकर लॉन्ग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट की तैयारी में मदद करता है। ऑडिटर्स को धोखाधड़ी व गलतियों का जल्दी पता चलेगा, समय की बचत होगी और निर्णय लेने में आसानी होगी। एवन के आने से बैंक ऑडिट अधिक सटीक और प्रभावी होगा। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को एवन के बारे में जानकारी लेनी चाहिये, ताकि वह बदलते समय के साथ खुद को अपडेट रख सकें।

विद्यालय में लगाई आग, पुस्तकें जली

आसीन्द, (निसं)। आसींद क्षेत्र के धोली ग्राम के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार को एक कमरे में आग लगा दी। जिससे बच्चों को पढ़ने के लिए दी जाने वाली कमरे में रखी बड़ी संख्या में सरकारी पुस्तकें एवं कागजात जलकर राख हो गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीण घर से निकले तो बगल से गुजरते वक्त स्कूल से निकलते आग के धुंए को देखा। उसके बाद जानकारी मिलते हीं बड़ी संख्या में लोग जुट गए। बताया जाता है कि असमाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा दी । जिससे बच्चों के भविष्य को रौशन करने वाली बड़ी संख्या में पुस्तकें जल कर राख हो गई है। असमाजिक तत्वों के इस कुकृत्य की क्षेत्र में घोर निंदा की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो नुकसान और भी ज्यादा हो सकता था।

महिला बंदी सुधार गृह का निरीक्षण

अजमेर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के सचिव महेन्द्र कुमार ढ़ाबी द्वारा केन्द्रीय कारागृह एवं महिला सुधार गृह अजमेर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान द्वारा विजिटर्स कमरे की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की सफाई रसोई की सफाई व्यवस्था, पीने के साफ पानी की व्यवस्था, शौचालयों, स्नानागारों की सफाई एवं रखरखाव एवं सीवरेज सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही कारागृहों मे निरूद्ध पुराने बंदी एवं असाध्य रोगों से पीड़ित बंदीयों के स्वास्थय के संबंध में जानकारी भी ली। वर्तमान में केन्द्रीय कारागृह अजमेर कुल 1100 बंदी व महिला जेल में 35 महिला बंदी मौजूद हैं। जेलर सद्दाम हुसैन एवं महिला जेलर हिना खान उपस्थित रहे।

समाजसेविका शुबरा गर्ग का सम्मान

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। जोशीला वतन, व्लर्ड ट्रेड सेंटर जयपुर की ओर से आयोजित जे डब्लू महिला अचीवर्स अवार्ड के लिये किशनगढ़ की होनहार महिला शुबरा गर्ग का चयन कर सम्मानित किया। राजस्थान से केवल 31 चुनिंदा महिलाओं का चयन कर विभिन्न समाज सेवा क्षेत्र में विशेष योगदान देने पर सम्मान किया। शुबरा गर्ग का चयन किशनगढ़ के लिये उपलब्धि है। इनके पति मार्बल उद्योगपति संजय को दशहरा मेला कमेटी द्वारा किशनगढ़ युवा रत्न से सम्मानित किया जा चुका है।

जुम्मा और धुलंडी पर शांति रही

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। शहर में शुक्रवार को रमजान का दूसरा जुम्मा और धुलंडी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए खुद जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने सड़क पर उतरकर दोनों ही समाज के लोगों से त्योहारों को लेकर चर्चा की। जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा शहर में विगत कुछ दिनों से सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं लगातार सामने आ रही थी। भीलवाड़ा शहर में सांप्रदायिक तनाव के माहौल के बीच कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक यादव ने मोर्चा संभालते हुए दोनों ही धर्म के धर्म गुरुओं के साथ शहर में शांति कायम करने के लिए एक अंगूठी पहल की शुरुआत की।

सुरेश रावत लोगों से मिले

अजमेर, (कासं)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शनिवार को अपने निवास मुहामी पर आमजन के अभाव-अभियोग सुने।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और समाधान की दिशा में अधिकारियो को तत्परता से काम करने के निर्देश दिए।

मंत्री रावत ने सभी नागरिकों से मिलकर उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से जाना और इसके साथ ही उन्होंने इस अवसर पर होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं।

मंत्री रावत ने कहा, 'होली एक ऐसा पर्व है जो हमें प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देता है। इस खुशी के अवसर पर, हम सब मिलकर अपने समाज और देश की उन्नति के लिए काम करने का संकल्प लें।'

आमजन से संवाद करते हुए मंत्री ने स्थानीय जल स्त्रोतों, जल संरक्षण और जल आपूर्ति से संबंधित मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि विभाग इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाएगा और आम नागरिकों को जल संकट से बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।

मंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे जल का सदुपयोग करें और जल संरक्षण की दिशा में जागरूकता फैलाएं।

इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे जिन्होंने मंत्री का आभार व्यक्त किया और उनके नेतृत्व में होने वाले कार्यो का स्वागत किया।

फागोत्सव पर कवि छाए

शाहपुरा, (नि.सं.)। शाहपुरा कस्बे के ज्यौति नगर कॉलोनी में होलिका दहन कार्यक्रम फागोत्सव के साथ किया गया।

ज्योति नगर कालोनी के अध्यक्ष सुनील गोखरू ने बताया कि सर्व प्रथम महिला मण्डल ने फागौत्सव मनाकर गीतों एवं भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से साथ ही नाचते गाते हुए धूमधाम से मनाया। महिला मण्डल की ओर से लाड़ झंवर, सुमन झवर , सुनयना झंवर, अनानिका शर्मा, सोनिया शर्मा, मधु गौखरू, नीलम डांगी, सरिता दाखेड़ा, सीमा शर्मा, प्रीति बेली, विमलेष कंवर, टीना झंवर, कोमल सर्वा, सुषीला गगराणी, ममता शर्मा, सरोज अठावाल , टीना शर्मा आदि ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक पं.सुरेश चन्द्र शर्मा ने की तथा कवि डॉ.कैलाश मण्डेला के मुख्य आतिथ्य एवं पार्षद भगवती प्रसाद शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलोनी अध्यक्ष सुनील गौखरू संरक्षक तेजपाल उपाध्याय, राजकुमार अठावाल, मनीर्ष सर्वा, सुनील शर्मा, लक्ष्मण सिंह शेखावत, मुकेश झवर, राजेष झंवर, भैया झंवर, मनोज बेली, त्रिलोक गगरानी, चंचल शर्मा, गिरिराज उपाध्याय, कृष्ण गोपाल झंवर, ओम प्रकाष चेचाणी , चंद्र प्रकाश तोषनीवाल , मोनू काल्या आदि ने स्वागत किया। सुनील गौखरू ने सांवरिया सेठ के भजन से इस कार्यक्रम की शुरूआत की। तेजपाल उपाध्याय ने लकड़ी की गणगौर एवं पत्नी की तुलनात्मक हास्य रचना प्रस्तुत की। इसके पश्चात हास्य कवि दिनेष बंटी ने साड़ियों की दूकान, होली आई रे जैसी हास्य रचनाओं पर श्रोताओं ने खूब एवं हास्य टिप्पणियों पर श्रोताओं ने खूब ठहाके लगाए। इसके पश्चात विशेष आमंत्रित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कैलाश मण्डेला के कई गीतों पर कॉलोनीवासी झूम उठे। उन्होंने अबोध प्यार पर गीत तथा हाळी पर गाये जाने वाले बोल सुनाये।

विधायक आवास पर होली स्नेह मिलन समारोह हुआ

किशनगढ़ विधायक डॉ. विकास चौधरी के आवास पर होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ।

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। किशनगढ़ विधायक डॉ. विकास चौधरी के आवास पर होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ।

विधायक चौधरी ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर भी है। यह पर्व हमें छोटी छोटी अनबन को भुलाकर नए सिरे से रिश्तो की शुरुआत करने की प्रेरणा देता है। आवास पर बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए समारोह को संभोधित कर रहे थे। समारोह में विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता, समर्थक व शुभचिंतक शामिल हुए।

समर्थकों सहित गणमान्य नागरिकों ने गुलाल सहित पुष्प वर्षा कर होली का आनंद लिया।

विधायक चौधरी ने कार्यकर्ताओ के रंग-गुलाल लगाकर अभाव-अभियोग सुने और तत्काल संबंधित अधिकारियो से बात कर समस्याओ का निस्तारण कराया। उन्होंने आमजन से संवाद कर स्थानीय जल स्त्रोतों, जल संरक्षण और जल आपूर्ति से संबंधित मुद्दों पर भी बात की।

ज्ञापन देकर मांग बताई

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। पिछले दिनों फूलियाकलां थाना क्षेत्र की एक दलित छात्रा का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने एवं मामला दर्ज कराने गए पीडित परिवार के साथ बदसलूकी करने वाले पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। डा. भीमराव अंबेडकर संस्था के बेनर तले जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा के नाम फूलियाकलां एसडीएम को सौंपें गए ज्ञापन मे बताया गया कि पिछले दिनों थाना क्षेत्र की एक दलित छात्रा का आरोपी ने अपहरण कर ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया । इस दौरान ग्रामीण पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पंहुचे । ज्ञापन मे बताया गया है कि पीडिता के परिवार वाले मामले को दर्ज कराने फूलियाकलां थाने पर गए लेकिन मामला दर्ज नही किया जाकर उनके साथ बदसलूकी की गई।

बैठक आयोजित

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। जिले के सभी सहकारिता एवं उससे संबंधित विभागों की एक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में भीलवाड़ा डेयरी सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई।

दक्षिण में कार्यो का शुभारंभ

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने शनिवार को 28 लाख रुपये की लागत से वार्ड नं. 28 ब्यावर रोड खूगर हॉस्पिटल सामने वाली गली में बनने वाली सडक का शिलान्याास किया

इसके पश्चात् केसरगंज गोल चक्कर अजमेर में गोल चक्कर के चारो तरफ 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सडक का पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। केसरगंज गोल चक्कर अजमेर की यह मुख्य सड़क दक्षिण और उत्तर जो भी जोड़ती हैं।

इस अवसर पर विधायक भदेल ने जनता से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य कर रही है, जबकि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बुनियादी सुविधाओं की उपेक्षा की गई थी। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर सड़कों और बुनियादी सुविधाएं देना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है, जिससे नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठ सके। विधायक भदेल ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की जरूरतों को प्राथमिकता देती है और विकास कार्यों में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान विकास कार्य ठप पड़े थे, लेकिन अब डबल इंजन की सरकार में इन विकास कार्यों को गति दे रही है। पांच वर्ष से बंद पडे खाद्य सुरक्षा पोर्टल को भाजपा सरकार ने खोला जिससे गरीबों को खाद्य सुरक्षा का लाभ मिल सके। देश के अर्थिक विकास के लिए युवाओं के लिए स्टार्ट-अप योजना लागू की गई।

बहिष्कार किया

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ में इस बार पुलिस कर्मियों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर इस त्यौहार का बहिष्कार किया।

पूरे राजस्थान में पुलिसकर्मियों द्वारा अघोषित रूप से अपनी मांगे नहीं माने जाने को लेकर होली का बहिष्कार किया गया। जिनमें विभिन्न तरह के भत्ते बढ़ाने व डीपीसी की मांग को लेकर नाराजगी बताई जा रही है।

गुणानुवाद सभा आयोजित

मदनगंज-किशनगढ़,(नि)। जैन साध्वी आर्यिका सरस्वतीमति माता ससंघ के सानिध्य में मुनि सुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत ने सिटी रोड स्थित जैन भवन में आचार्य सुनील सागर के परम प्रभावक शिष्य सुविमल सागर महाराज की समाधि उपरांत गुणानुवाद सभा का आयोजन किया।

शुभारंभ मंगलाचरण के साथ कमल वैद ने किया। गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी ने कहा कि समाधि मरण के पश्चात कोई भी जीव नरक या पशु गति में नहीं जाता, वह निश्चित ही अपने अंतिम समय के भाव के आधार पर जीव जाता है। समाधि मरण सिर्फ साधु संत ही नहीं बल्कि गृहस्थ भी कर सकते हैं। अध्यक्ष विनोद पाटनी ने विनयांजलि देते हुए कहा कि जब कभी महाराज को देखा ब्रह्मचर्य अवस्था में देखा, 30 वर्ष पहले ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर लिया था।

आदिनाथ पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल, समाजसेवी प्रमोद लुहाड़िया, गौरव पाटनी, संदीप पाटनी, स्नेहलता जैन, बाहुबली पाटनी ने विनयांजलि दी। निशा गंगवाल ने शांति पाठ का उच्चारण किया। संचालक सुभाष बड़जात्या ने किया। इस अवसर परपंचायत उपाध्यक्ष दिलीप कासलीवाल, विनोद चौधरी, मांगीलाल झांझरी, पदम गंगवाल, पन्नालाल बड़जात्या, नीरज पाटनी, धूपचंद बड़जात्या, पंकज पाटनी, सुशील कोठारी, जम्मू बाकलीवाल, कैलाश पाटनी, नीरज बाकलीवाल, प्रकाश काला, विकास पाटनी, मुन्नी पाटनी, राजवती कासलीवाल, चांदनी पाटनी, किरण टोंगिया, सोनिया पाटनी आदि उपस्थित रही।

बाबा धाम क्षेत्र में पेयजल का संकट

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। एक और त्योहार सीजन तो दूसरी ओर एग्जाम का दौरा इस बीच पेयजल का संकट आ खड़ा हुआ है। गर्मी अपना जोर दिख रही है तो वहीं दूसरी ओर चंबल और जलदाय विभाग के लापरवाह अधिकारियों की गलतियों का खामियाजा बाबा धाम इलाके के लोग भुगतने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों का कहना है की चंबल की पाइपलाइन फूट जाने के कारण वार्ड नंबर 69 बाबा धाम के निकट करीब 15 दिनों से पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसकी वजह से गर्मी के इस मौसम में स्थानीय लोगों के सामने पेयजल का संकट आ खड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एक और जहां त्योहारी सीजन चल रहा है तो वहीं दूसरी ओर बच्चों के एग्जाम भी है ऐसे में परिजनों को पानी के लिए दर-दर भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन लाख शिकायतों के बावजूद न तो स्थानीय पार्षद अशोक खंडेलवाल ना हीं संपर्क पोर्टल पर की गई शिकायतों का कोई समाधान हो पाया। ऐसे में आज क्षेत्र के आक्रोशित महिला पुरुषों ने मटकी फोड़ प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास किया है। स्थानीय निवासी अशोक शर्मा का कहना है कि यदि तीन दिन में समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मुख्य सड़क मार्ग पर प्रदर्शन किया जाएगा।

चीन के स्टोन फेयर में प्रतिनिधिमंडल पारीक के नेतृत्व में भाग लेगा

मेड़तासिटी, (नि.सं.)। चीन में आयोजित हो रहे विश्व प्रसिद्ध शामिन स्टोन फेयर में इस वर्ष पहली बार इंडिया स्टोन मार्ट 2026 के वैश्विक प्रचार के लिए एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल भी लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव मेड़ता निवासी नरेश पारीक के नेतृत्व में भाग लेगा।

यह अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी 16 मार्च से 19 मार्च तक चीन में आयोजित होगी, जिसमें पत्थर उद्योग के प्रमुख विशेषज्ञ, निर्माता, व्यापारी और विश्वस्तरीय कंपनियां हिस्सा लेंगी। इस महत्वपूर्ण दौरे में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव नरेश पारीक, उपाध्यक्ष नटवरलाल अजमेरा, वित्तीय सलाहकार योगेश गौतम, प्रांत संयुक्त महामंत्री सुरेश कुमार विश्नोई तथा सीडोस (सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स) की ओर से वरिष्ठ उप महाप्रबंधक विवेक जैन भारतीय पत्थर उद्योग का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा इंडिया स्टोन मार्ट 2026 के अंतरराष्ट्रीय प्रचार-प्रसार और भारतीय प्राकृतिक पत्थरों की वैश्विक बाजार में मजबूत पहचान स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस दौरान प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय व्यापारियों, निर्माताओं और निर्यातकों से संवाद करेंगे तथा उन्हें इंडिया स्टोन मार्ट 2026 में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेंगे। एशिया की सबसे भव्य प्राकृतिक पत्थर आधारित प्रदर्शनी है, जिसे सीडोस राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम और लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में 5 फरवरी से 8 फरवरी 2026 के दौरान जेईसीसी, सीतापुरा, जयपुर में आयोजित किया जाएगा। यह दौरा भारत और चीन के बीच पत्थर उद्योग में व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करने और भारतीय पत्थर उद्योग को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत उखलिया पंचायत समिति हुरडा

क्रमांक/ग्रापंउ/एसबीएम-जी/निविदा/2025/01 दिनांक 10.3.25

ई-निविदा सूचना 01/2025-26

ग्राम पंचायत उखलिया में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा) योजना एंव ग्रामीण विकास एंव पंचायती राज विभाग की योजनाओं में ग्राम पंचायत के समस्त गांवों में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, सड़क एवं नाली सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसरों कि सफाई कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए श्रम कार्य एवं उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता नियम 2013 एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर / जीएसटी विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माता (ओ), विक्रेता (ओ) आपूर्तिकर्ता (ओ) जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से ई- टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाए आमंत्रित की जाती है । निविदा की तिथियाँ, समय व अन्य शर्ते एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालय समय एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http:\\sppp.rajasthan.gov.in एवं http:\\eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर अवलोकन की जा सकती है।

NIB NO :-ZBL2425A1056

UBN No :- ZB424 25 WSOBO2620

सरपंच

ग्राम पंचायत उखलिया, पं. सं. हुरडा (भीलवाडा)

कार्यालय ग्राम पंचायत हुरड़ा पंचायत समिति हुरड़ा

क्रमांक/ग्रापंहु/एसबीएम-जी/निविदा/2025/sp-1 दिनांक 10.3.25

ई-निविदा सूचना 01/2025-26

ग्राम पंचायत हुरडा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा) योजना एंव ग्रामीण विकास एंव पंचायती राज विभाग की योजनाओं में ग्राम पंचायत के समस्त गांवों में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, सड़क एवं नाली सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसरों कि सफाई कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए श्रम कार्य एवं उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता नियम 2013 एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर / जीएसटी विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माता (ओ), विक्रेता (ओ) आपूर्तिकर्ता (ओ) जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से ई- टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाए आमंत्रित की जाती है । निविदा की तिथियाँ, समय व अन्य शर्ते एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालय समय एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http:\\sppp.rajasthan.gov.in एवं http:\\eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर अवलोकन की जा सकती है।

NIB NO :-ZBL2425A1055

UBN No :- ZB424 25 WSOBO2619

सरपंच

ग्राम पंचायत हुरडा, पं. सं. हुरडा (भीलवाडा)

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/123891

DATE :- 11.03.2025 रजि. बख्शीश-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25 /13215

दिनांक 12/03/2025

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती रेणु चौधरी पत्नी श्री विजय सिंह चौधरी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 4 शाहपुरा मौहल्ला सनातन स्कूल मार्ग मकान नं. 32 प्राचीन म्यु नं. 4/247 क्षेत्रफल 88.39 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री विजय सिंह चौधरी पुत्र श्री छगनलाल चौधरी के नाम दर्ज है। रजि बख्शीश -नामा दिनांक 06.03.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।

अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी ।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी जवाजा जिला ब्यावर

क्रमांक- लेखा / एनएचएम / 2025/325 दिनांक- 10.03.2025

निविदा सूचना

सर्वसंबधित से इस कार्यालय संस्थानो हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओ के कार्य सम्पादन के लिए मुद्रण कार्य व प्रचार-प्रसार हेतु वितीय वर्ष 2024-25 के लिए विभित्र कार्यों एवं सामग्री आपूर्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र में दर संविदा हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते व नियम sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय मे देखी जा सकती है।

UBN NO- MHS2425SGSOE05371

खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जवाजा जिला ब्यावर

NAME CHANGE

I, Shyam Singh Father's of Army No.18015033X, NK, Rajesh Singh Chauhan, R/o 173 Rajpur Road, Dehradun, U.K. 248001 have change my name from Shyam Singh Chauhan to Shyam Singh before court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I have change my name hemlata manghani to rakshita sangtani w/o harish kumar sangtani for all future purpose . Add:- b-45 chhatri youjna, vaishali nagar, ajmer.

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक : योजना/2024-25/637 दिनांक : 11/03/25

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार पुत्र श्री केवल राम टेकचंदानी, निवासी 379/9, गंज थाने के पास, चटाई गंज, अजमेर के द्वारा नगर निगम की आनासागर सर्वयुलर रोड़ आवासीय योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या LIG - 134 क्षेत्रफल 50 वर्गमीटर को अपने नाम से नामान्तरण करवाये जाने बाबत दस्तावेज संलग्न कर आवेदन सं. LSG/AJMER/MUT/2023-24/121391 दिनांक 18.02.2025 को नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उक्त भूखण्ड मूल आवंटी श्री रामेश्वर दयाल माथुर पुत्र श्री एस. डी. माथुर के नाम से आवंटित है, जिसका लीज डीड पट्टा क्रमांक 648 दिनांक 21.02.2008 संलग्न किया गया है । जरिए अपंजीकृत वसीयत श्री अशोक कुमार पुत्र श्री केवल राम टेकचंदानी एवं श्री जेठानन्द पुत्र श्री तोताराम को दिनांक 27.10.1986 को किया गया था। श्री रामेश्वर दयाल माथुर का स्वर्गवास दिनांक 19.12. 1997 एवं श्री जेठानन्द पुत्र स्व. तौताराम का स्वर्गवास दिनांक 22.10.1989 व श्रीमति किशनी का स्वर्गवास दिनांक 27.11.2018 को हो चुका है। सजरा प्रमाण पत्र के आधार पर सुनीता (पुत्री), विधिक वारिस है। उपरोक्त वारिस ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 23.01.2025 द्वारा श्री अशोक कुमार पुत्र श्री. केवल राम टेकचंदानी, को निष्पादित किया गया है। उक्त प्रकरण का निष्पादन राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 116 के तहत आवेदित है जिसका निष्पादन धारा 118 के तहत प्रक्रियाधीन किया गया। इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आपत्ति प्रकाशन 07 कार्य दिवस के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों को नगर निगम कार्यायल की योजना शाखा में देखने / पढने के लिए खुला रखा गया है इस अवधि में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति / आम खास को कोई आपत्ति उज्र हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 कार्य दिवस में मय पुख्ता दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा ।

(कीर्ति कुमावत) उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

नाम परिवर्तन

मेरे पति के आर्मी नं. JC-290856Y रैंक - SUB नाम- ASHA ALEX दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम ASHA ANTONY से जाना जाए।

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र के आर्मी नं. 15191097H रैंक - NK (RST) नाम- PATIL ATUL SANJAY है। यह कि मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम SANGITA दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम SANGITA SANJAY PATILSANGITA से जाना जाए।

नाम परिवर्तन

मेरे पति के आर्मी नं. JC-304442P रैंक - SUB (GNR) नाम- TEJVIR SINGH है। यह कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम MACHALA DEVI दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम MACHALA DEVI से जाना जाए।

नाम परिवर्तन

मेरे आर्मी नं. 15191097H रैंक - NK (RST) नाम- PATIL ATUL SANJAY है। यह कि मेरी पुत्री का नाम मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में PAHAL दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मेरी पुत्री को सही व वास्तविक नाम PAHAL ATUL PATIL से जाना जाए।

आम सूचना

सूचित किया जाता है मै मेरे पक्षकार श्री मांगीलाल पुत्र श्री स्व. भागीरथ निवासी पुराना शहर मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर की और से सूचित करता हूँ । कि मेरे पक्षकार के नाम वसीयतनामा, इकरारनामा, मुख्त्यारनामा दामोदर पुत्र किस्तुरचंद व रामश्वरी पत्नी रामलाल निवासी नरवर तहसील व जिला अजमेर मे स्थित ग्राम भवानीखेडा आराजी खाता संख्या नया 76 पुराना 307 खसरा नम्बर पुराना 3313 वर्तमान मे 813, 814, 815 के दोनो का सम्पूर्ण हिस्से का मेरे पक्षकार के नाम वसीयतनामा, इकरारनामा, मुख्त्यारनामा निष्पादित किया है। तथा मेरे द्वारा उक्त वर्णित खसरो का बैचान किया जा रहा है। यदि किसी भी व्यक्ति को कोई उज्र एतराज व आपति हो तो प्रकाशन की दिनांक से आगामी 7 दिवस मे अपनी आपति दर्ज करे । मियाद गुजरने के बाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नही होगी । सूचित रहे ।

भवदीय

(राजेन्द्र सिंह रावत) एडवोकेट

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/123945

DATE :- 11.03.2025 रजि. वेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25 /13217

दिनांक 12/03/2025

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती राधा रामचंदनी पत्नी श्री कन्हैयालाल रामचंदानी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 6/4 महावरी गंज गली नं. 01 मकान नं. 05 क्षेत्रफल 45.33 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री रामचन्द्र पुत्र श्री खानचन्द कलवानी के नाम दर्ज है। रजि हक-परित्याग दिनांक 27.11.2013 रजि वेचान-नामा दिनांक 22.01.2018, 24.01. 2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। वाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1708 दिनांक 12.3.25

जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3/27-K, नाका मदार, अजमेर में श्रीमती दुर्गा बाई पत्नि स्व. श्री बजरंगलाल को आवंटित कर दिनांक 16.11.1989 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती दुर्गा बाई पत्नि स्व. श्री बजरंगलाल की मृत्यु दिनांक 28.07.2003 को हो जाने के कारण उनकी पुत्री श्रीमती कान्ता देवी पत्नि श्री सत्यनारायण के पक्ष में मण्डल द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण के आदेश दिनांक 28.02.2012 को जारी किये गये। श्रीमती कान्ता देवी पत्नि श्री सत्यनारायण द्वारा मुख्तयारनामा आम श्री केवलराम लालवानी पुत्र श्री रूपचन्द लालवानी के पक्ष में निष्पादित किया गया। श्री केवलराम लालवानी पुत्र श्री रूपचन्द लालवानी द्वारा मुख्तयारनामा के आधार पर दिनांक 30.04.2013 को स्वयं के पक्ष में पंजीयन करवा लिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1795 में पृष्ठ संख्या 13 क्रम संख्या 2013002604 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 4172 के पृष्ठ संख्या 85 से 94 पर दिनांक 30.04.2013 को चस्पा किया गया । अब श्री केवलराम लालवानी पुत्र श्री रूपचन्द लालवानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री केवलराम लालवानी पुत्र श्री रूपचन्द लालवानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1706 दिनांक 12.3.25

जाहिर आम सूचना

